Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 27 ▫ अंक- 251 ▫ रायपुर, गुरुवार 3 अक्टूबर 2024 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे डीएड डिग्री धारी अभ्यर्थी




**महात्मा गांधी का स्वरूप धारण कर जताया विरोध, सरकार पर हाईकोर्ट के अपमान का लगाया आरोप**

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के सभी डी.एड. भर्ती के पीड़ित अभ्यर्थी पालकों के साथ अपनी माँग लेकर अब राजधानी के तूता धरना स्थल में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ चुके हैं। अभ्यर्थियों का आरोप है कि सरकार हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के फैसले के महीनों बीत जाने के बाद भी नियुक्ति को अनदेखा कर कोर्ट के फैसले का अपमान कर रही है। 13 महीनों से अभ्यर्थी सरकार से नियुक्ति का इंतजार कर रहे हैं। आज गांधी जयंती के अवसर पर अभ्यर्थियों ने महात्मा गांधी का स्वरूप धारण कर एक बार फिर अपनी माँग सरकार के समक्ष रखी है। अभ्यर्थियों का कहना है कि पदयात्रा प्रदर्शन के ज़रिए पहले भी सरकार से नियुक्ति की माँग की जा चुकी है। लेकिन कोई नतीजा नहीं निकलने पर अब अनिश्चितकालीन हड़ताल पर सभी बैठने को मजबूर हैं।

दरअसल, पिछली सरकार ने 4 मई 2023 को 12,489 पदों पर शिक्षक भर्ती निकाली थी, जिसमें से 6,285 सहायक शिक्षक के पदों पर डी.एड. में नियुक्ति देनी थी, लेकिन इन पदों पर बी.एड. अभ्यर्थियों की भी नियुक्ति कर दी गई। हाई कोर्ट में इसे चुनौती दी गई। 2 अप्रैल 2024 को हाई कोर्ट ने अपने फाइनल जजमेंट में बी.एड. के अवैध चयनित अभ्यर्थियों को हटा कर 6 सप्ताह के अंदर डी.एड. के अभ्यर्थियों को नियुक्त करने का आदेश दिया था। लेकिन डी.एड. के अभ्यर्थियों का आरोप है कि नियुक्ति के बजाय सरकार बी.एड. के साथ स्वयं उनके पक्ष में एसएलपी दायर कर रही है।

आज गांधी जयंती के अवसर पर अभ्यर्थियों ने महात्मा गांधी का स्वरूप धारण कर एक बार फिर अपनी माँग सरकार के समक्ष रखी। उन्होंने कहा कि चूंकि हमारी नीयत साफ़ है, हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने भी हमारी नियुक्ति पर मुहर लगाई है, इसलिए सत्य और अहिंसा के साथ हम सरकार से आग्रह करने यहाँ आंदोलन कर रहे हैं। अभ्यर्थियों ने यह भी कहा कि कोर्ट ने हमें न्याय दे दिया है, लेकिन सरकार को न जाने बी.एड. वालों से क्या फायदा हो चुका है या भविष्य में होने वाला है, जो बी.एड. के साथ स्वयं उनके पक्ष में एसएलपी दायर कर रही है। डी.एड. भर्ती के पीड़ित अभ्यर्थियों ने भूख हड़ताल करने की तैयारी कर ली है। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि खुद को युवा हितैषी कहने वाली सरकार हमें दर-दर भटकने के लिए मजबूर कर चुकी है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया है कि क्या इसी दिन के लिए सरकार को चुना गया है। अपनी माँगों और सवालों के साथ सभी अभ्यर्थी जल्द ही भूख हड़ताल और उग्र आंदोलन की तैयारी में जुट चुके हैं।

## आईपीएस डी श्रवण प्रतिनियुक्ति पर जा रहे एनआईए राज्य सरकार ने दी अनुमति

**रायपुर,** 3 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। 2008 बैच के आईपीएस डी श्रवण एनआईए में प्रतिनियुक्ति पर जा रहे हैं. राज्य शासन ने प्रतिनियुक्ति की अनुमति दे दी है. डीआईजी रैंक के अफसर डी श्रवण पाँच साल की प्रतिनियुक्ति जा रहे हैं।

आईपीएस डी श्रवण छत्तीसगढ़ कैडर के 2008 बैच के अफसर हैं. उनका पूरा नाम दावुलुरी श्रवण है. मूलत: वे आंध्रप्रदेश के रहने वाले हैं. एमए, एमफिल के बाद उन्होंने यूपीएससी क्रैक कर आईपीएस की सर्विस ज्वाइन की है. ट्रेनिंग पूरी होने के बाद उन्हें प्रशिक्षु आईपीएस के तौर पर जगदलपुर जिले में नियुक्त किया गया. वे जगदलपुर कोतवाली में थाना प्रभारी रहे. एसडीओपी केशकाल की जवाबदारी भी उन्होंने संभाली। पुलिस अधीक्षक के तौर पर धुर नक्सल प्रभावित एरिया सुकमा में 2 साल पदस्थ रहे. कोंडागांव, कोरबा, मुंगेली,राजनंदगांव, जगदलपुर जिलों के एसपी भी रहे. डी श्रवण सेनानी छठवीं वाहिनी रायगढ़ रहे. वर्तमान में डी श्रवण डीआईजी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल हेड क्वार्टर सेंटर रेंज रायपुर में पोस्टेड हैं।



## विधायक पुन्नूलाल फिसलकर गिरे, घायल



**अस्पताल में समर्थकों की भीड़ सीएम ने जाना हालचाल**

**मुंगेली,** 3 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले घायल हो गए हैं, उनके हाथ, पैर और सीने में चोट आई है। फिलहाल उनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पूर्व मंत्री और वर्तमान विधायक भाजपा के सदस्यता अभियान में भाग ले रहे थे, तभी पुलपारा इलाके में फिसलकर गड्ढे में गिर गए।

जांच में उनके हाथ, पैर और सीने में चोट के निशान मिले हैं। जिला कलेक्टर राहुल देव और एसपी भोजराज पटेल भी उनका हालचाल जानने अस्पताल पहुंचे। सौभाग्य से मोहले अब खतरे से बाहर हैं और वरिष्ठ डॉक्टरों की एक टीम उनकी देखभाल कर रही है। छत्तीसगढ़ की राजनीति में चार दशक से अधिक समय से सक्रिय मोहले को राज्य में भाजपा के सबसे पुराने नेताओं में से एक माना जाता है। 1952 में दशरंगपुर में जन्मे पुन्नूलाल मोहले ने बिलासपुर, मुंगेली और लोरमी क्षेत्रों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। उन्होंने इस साल अपना 10वां विधानसभा चुनाव जीतकर इतिहास रच दिया है। इससे पहले वे कई बार लोकसभा के सदस्य और मंत्री रह चुके हैं।

## अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 4 पुलिसकर्मी निलंबित

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। उत्तर प्रदेश में बरेली जिले के सिरौली क्षेत्र स्थित एक पटाखा निर्माण इकाई में बुधवार को हुए भीषण विस्फोट में 2 और लोगों की मौत के साथ इस घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 5 हो गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अनुराग आर्य ने घटना में लापरवाही बरतने के आरोप में 4 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। साथ ही संबंधित थानाप्रभारी को हटा दिया है और पुलिस क्षेत्राधिकारी के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं। आंवला के उप जिलाधिकारी (एसडीएम) एन. राम ने गुरुवार को बताया कि बुधवार रात 2 और मौतों के साथ घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 5 हो गई है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### बांग्लादेश ने अपने राजदूतों को भारत से वापस बुलाया

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। शेख हसीना के पद से हटने और देश छोड़ने के बाद बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस सरकार ने गुरुवार को बड़ा फैसला लिया है। विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने एक बड़े राजनयिक फेरबदल में भारत के उच्चायुक्त मुस्तफिजुर रहमान सहित पांच दूतों को वापस बुला लिया है। अधिकारी ने बताया कि विदेश मंत्रालय ने ब्रुसेल्स, कैनबरा, लिस्बन, नई दिल्ली में दूतों और न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र के स्थायी मिशन को तुरंत राजधानी ढाका लौटने का आदेश दिया। यह कदम बांग्लादेश में राष्ट्रीय चुनाव से पहले उठाया गया है। हालाँकि राजनयिकों को वापस बुलाने के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं है। विश्लेषकों के अनुसार सत्ता में फेरबदल के बाद राजनयिक प्राथमिकताओं को फिर से संरेखित करने के अंतरिम सरकार के प्रयासों का हिस्सा हो सकती है।

### ईशा फाउंडेशन के खिलाफ जांच पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास उच्च न्यायालय के पिछले आदेश पर रोक लगाकर आध्यात्मिक नेता सद्गुरु जग्गी वासुदेव के नेतृत्व वाले ईशा फाउंडेशन को राहत दे दी है। हाई कोर्ट के फैसले में संगठन के खिलाफ आरोपों की पुलिस जांच अनिवार्य थी। अगली सुनवाई 18 अक्टूबर को तय की गई है। ईशा फाउंडेशन ने तमिलनाडु पुलिस को अपने खिलाफ आपराधिक मामलों की जांच करने के लिए दिए गए मद्रास हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। जग्गी वासुदेव के ईशा फाउंडेशन ने उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने का अनुरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट को बताया कि 500 पुलिसकर्मियों ने उसके परिसरों पर छापेमारी की, चप्पे चप्पे की जांच की गई। सुप्रीम कोर्ट ने उन दो महिलाओं से विस्तृत जानकारी देने को कहा जिनके पिता ने ईशा फाउंडेशन में अपनी बेटियों को अवैध रूप से बंधक बनाए जाने का आरोप लगाते हुए हाई कोर्ट का रुख किया था।

## रायपुर पहुंचे भारतीय सेना के भीष्म टैंक और आर्टिलरी का शानदार स्वागत



**रायपुर,** 3 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और पहल में हो रहे भव्य सैन्य समारोह के लिए आज राजधानी रायपुर पहुंचे भारतीय सेना के भीष्म टैंक और अन्य आर्टिलरी का शानदार स्वागत किया गया। इसके बाद एक रैली के रूप में टैंक एवं सैन्य उपकरण रायपुर शहर के तेलीबांधा, मरीन ड्राइव, कलेक्ट्रेट, जयस्तंभ और आश्रम चौक होते हुए साइंस कॉलेज मैदान तक मैदान पहुंचा। शहर के नागरिकों में इसे लेकर ख़ासा उत्साह रहा। सैकड़ों लोग इस शानदार रैली को मोबाइल से कैप्चर करते दिखे। गौरतलब है कि सैन्य प्रदर्शनी 5-6 अक्टूबर को राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज ग्राउंड में आयोजित होगा। इसमें सेना के जाबांज सैनिक अपने शौर्य का प्रदर्शन करेंगे।

## हरियाणा में कांग्रेस बनाएगी अगली सरकार : भूपेन्द्र हुड्डा



**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। हरियाणा में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने सत्तारूढ़ भाजपा पर तीखा हमला बोला। एक सभा को संबोधित करते हुए, हुड्डा ने आरोप लगाया कि भाजपा झूठ की दुकान बन गई है, जिस क्षण से वह अपना दैनिक संचालन शुरू करती है, नफरत और भ्रम के अलावा कुछ भी नहीं बेचती है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रचार अच्छा चला। पूरे प्रदेश में कांग्रेस के समर्थन में लहर है। उन्होंने आगे कहा कि 36 बिरादरी तय करेगी कि हरियाणा में अगली सरकार कांग्रेस बनाएगी। उन्होंने दावा किया कि दलित कांग्रेस के साथ हैं जो उनके लिए असली पार्टी है। भाजपा पर हमला करते हुए भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने कहा कि उसके पास मुद्दों की कमी है, उनके पास दिखाने के लिए कोई उपलब्धि नहीं है...यह एक विफल सरकार है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हरियाणा में 10 वर्षों तक शासन किया है, फिर भी उसके नेता अपने भाषणों में किसी भी वास्तविक उपलब्धि का उल्लेख करने में विफल रहते हैं।

## सोनिया गांधी से मिलीं कुमारी सैलजा




**30 मिनट तक चली मुलाकात**

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। हरियाणा में विधानसभा चुनाव प्रचार के आखिरी दिन कुमारी शैलजा ने दिल्ली में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी से मुलाकात की। जानकारी के मुताबिक यह मुलाकात 30 मिनट तक चली है। सोनिया गांधी से मिलने के लिए कुमारी शैलजा अकेले ही 10 जनपथ पहुंची थीं। यह मुलाकात इसलिए अहम मानी जा रही है क्योंकि कुमारी सैलजा के चुनाव प्रचार शुरू करने के बाद भी पूर्व सीएम भूपेन्द्र सिंह हुड्डा से उनकी नाराजगी कम होती नहीं दिख रही है।

हालांकि, दोनों नेताओं के बीच क्या चर्चा हुई इसकी जानकारी नहीं है। लेकिन माना जा रहा है कि सोनिया गांधी ने शैलजा को एकजुट रहने और भविष्य में अहम भूमिका मिलने का आश्वासन दिया होगा। राज्य में 5 अक्टूबर को वोटिंग होगी। खबरों के मुताबिक, कुमारी शैलजा ने आरोप लगाया है कि विधानसभा चुनाव में टिकट बंटवारे में पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के खेमे को प्रमुखता मिली है। वह करीब दो हफ्ते तक चुनाव प्रचार से भी दूर रहीं। हालांकि मल्लिकार्जुन खड़गे के हस्तक्षेप के बाद शैलजा ने प्रचार किया। हाल ही में राहुल गांधी ने कुमारी शैलजा और भूपेन्द्र सिंह हुड्डा दोनों से हाथ मिलवाया और एकता का संदेश दिया।

इससे पहले यह बताया गया था कि राज्य में कांग्रेस के अभियान का वास्तविक चेहरा रहे हुड्डा की टिकटों के आवंटन में सबसे ज्यादा हिस्सेदारी थी, उन्होंने पार्टी द्वारा मैदान में उतारे गए 90 उम्मीदवारों में से अपने वफादारों के लिए 72 टिकटें हासिल कीं। दूसरी ओर, कांग्रेस में हुड्डा की प्रतिद्वंद्वी के रूप में जानी जाने वाली शैलजा अपने समर्थकों के लिए सिर्फ नौ टिकट ही हासिल कर सकीं और 11 सितंबर को उम्मीदवार घोषित होने के बावजूद हिसार जिले के नारनौंद से अपने करीबी डॉ. अजय चौधरी के लिए टिकट हासिल करने में विफल रहीं।







## तेंदुए के हमले से सहमे ग्रामीण वन विभाग अलर्ट मोड पर



**कांकेर,** 3 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। कांकेर जिले में जंगली जानवरों का आतंक बढ़ता जा रहा है, खासकर भालू और तेंदुए लगातार रिहायसी इलाकों में पहुंच कर हिंसक होते जा रहे है. तेंदुआ आदमखोर बनता जा रहा है, जो कि वन विभाग के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है. रिहायसी इलाको में पहुंच लोगों पर हमले कर रहा है. बीते कुछ दिनों में तेंदुए ने बच्चों सहित अन्य लोगों पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया है.

वहीं जिला मुख्यालय से लगे ग्राम डुमाली में एक साथ 5 तेंदुए नजर आने के बाद वन विभाग अलर्ट मोड पर है. एक ओर जहां आसपास के ग्रामीण दहशत में है तो वहीं शहर के कुछ लोग रात के वक्त तेंदुआ देखने इस इलाके में घूमकर अपनी जान जोखिम में डाल रहे है. लोगों की यह लापरवाही किसी बड़ी घटना का कारण ना बन जाए, इसलिए विभाग रात के वक्त उक्त पहाड़ी और आसपास के ग्रामीण इलाके में गश्त कर रहा है. वहीं मार्ग से गुजरने वाले लोगों को समझाइश दी जा रही है. ताकि कोई अप्रिय घटना ना हो. विभाग के कर्मचारी सहित खुद डीएफओ आलोक बाजपेयी भी इलाके में गश्त कर टीम का मनोबल बढ़ते हुए लोगों को सतर्क रहने की अपील कर रहे है. मार्ग सहित आसपास के इलाके में सूचना बोर्ड भी लगाए गए है, ताकि लोग इस रास्ते से रात के वक्त या अन्य समय में गुजरते वक्त सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।